प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 103 / 2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

नई दिल्ली 23 जुलाई 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु


# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने वैस्ट बंगाल एसएसए के तहत पश्चिम बंगाल राज्य के अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों के आस-पास मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) ने जून 2026 माह के दौरान सामान्य दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए वैस्ट बंगाल एसएसए के तहत अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिले और उसके आस-पास के इलाकों में किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष जारी किए हैं। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSPs) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय (Real time) गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, ट्राई द्वारा कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट (CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट (CSSR), डाटा डाउनलोड (DL) और अपलोड (UL) थ्रूपुट आदि जैसे जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (QOS) पैरामीटरों के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है ताकि टीएसपी अपनी सेवाओं में सुधार कर सकें।

2. इन आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी टीएसपी के जमीनी मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव परीक्षण में, 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत परीक्षण हैंडसेट का उपयोग किया जाता है, और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके वास्तविक समय में सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. भादूविप्रा (ट्राई) ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से वैस्ट बंगाल में 9 जून 2026 से 13 जून 2026 को वैस्ट बंगाल एसएसए के तहत सिटी ड्राइव–494.5 किमी, हॉटस्पॉट लोकेशंस-16, वाक टेस्ट– 3.8 किमी पर ड्राइव टेस्ट किए। ये टेस्ट ट्राई के क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता की देखरेख में आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत अवलोकन ड्राइव टेस्ट के संचालन के दिन/समय पर टेस्ट के तहत क्षेत्रों/मार्ग में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करते हैं।

4. **ड्राइव टेस्ट रूट मैप:** मानचित्र पर संकेतों के अनुसार के अनुसार, निम्नलिखित मानचित्र तटीय ड्राइव और हॉटस्पॉट को इंगित करने वाले ड्राइव परीक्षण मार्गों का अवलोकन प्रदान करता है:



5. प्रमुख मूल्यांकित पैरामीटर:

क) **कवरेज गैप:** नमूनों का प्रतिशत, जिसके लिए सिग्नल की शक्ति संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल शक्ति से कम देखी गई।

ख) **वॉयस सर्विसेज :** कॉल सैट अप सक्सेज रेट (CSSR), ड्रॉप कॉल रेट (DCR), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (MOS).

ग) **कॉल साईलेंस इंस्टेंस:** कॉल के दौरान कितनी कॉल साइलेंस इंस्टेंस हुईं।

घ) **डाटा सर्विसेज :** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट

6. प्रमुख मापदंडों के लिए अलीपुरद्वार और कूच बिहार जिलों और आसपास के क्षेत्रों में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है: -

क) कवरेज गैप- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में सिटी ड्राइव टेस्ट रूट पर वॉयस टेस्टिंग के दौरान देखी गई सिग्नल की शक्ति, जिसे एकत्र किए गए कुल नमूनों में से खराब सिग्नल स्ट्रेंथ वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापा गया, एयरटेल के लिए **2771**/64500, बीएसएनएल के लिए **21699**/59947, आरजेआईएल के लिए **3101**/60695 और वीआईएल के लिए **10964**/64434 थी। कवरेज अंतराल का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ग) ड्राप्ड काल्स - ड्रॉप कॉल, जिसे सफलतापूर्वक स्थापित कॉलों की संख्या में से ड्रॉप कॉल की संख्या के रूप में मापा जाता है, एयरटेल के लिए 0/453, बीएसएनएल के लिए 26/424, आरजेआईएल के लिए 3/457 और वीआईएल के लिए 5/450 थे। ड्राप्ड काल्स स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस: स्थापित कुल कॉल में से > 3 सेकंड के लिए देखी गई साइलेंस इंस्टेंस की कुल संख्या के रूप में मापी गई कॉल साइलेंस इंस्टेंस एयरटेल के लिए **19**/446, बीएसएनएल के लिए **5**/ 352, आरजेआईएल के लिए **10**/ 443 और वीआईएल के लिए **27**/ 389 थे। कॉल साइलेंस इंस्टेंस स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

घ) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट :

i) **डाटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र):** एयरटेल (**5G/4G**) के लिए औसत डाउनलोड स्पीड 78.63 Mbps, बीएसएनएल (**4G/2G**) के लिए 11.81Mbps, आरजेआईएल (**5G/4G**) के लिए 154.29 Mbps और वीआईएल (**4G/2G**) के लिए 22.98Mbps देखी गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ii) डाटा अपलोड प्रदर्शन **(समग्र)**: एयरटेल (5**G**/4**G**) के लिए औसत अपलोड स्पीड 18.05Mbps, बीएसएनएल (4**G**/2**G**) के लिए 5.23Mbps, आरजेआईएल (5**G**/4**G**) के लिए 15.59Mbps और वीआईएल (4**G**/2**G**) के लिए 11.77Mbps देखी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

नोट: ड्राप्ड कॉल लोकेशंस को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है

7. आईडीटी के दौरान ड्राइव टेस्ट मार्ग और कवर किए गए क्षेत्र का विवरण इस प्रकार है: -

**क) शहर** – सिटी ड्राइव में कवर किए गए क्षेत्र हैं:- अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों और आसपास के क्षेत्र जैसे बीरपारा, हासीमारा, कालचिनी, अलीपुरद्वार, रसिकबिल, तुफानगंज, बलरामपुर, दिनहाटा, कामतापुर, सीताई, सीतलकुची, माथाभंगा, घोक्साडंगा, फलाकत शहर आदि ।

ख) **हौटस्पॉट** - हॉट स्पॉट स्थान में, स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव को कैप्चर करते हुए शामिल हैं (i) अलीपुरद्वार बस स्टैंड अलीपुरद्वार; (ii) अलीपुरद्वार डिस्ट्रिक हौस्पीटल, हौस्पीटल-रोड अलीपुरद्वार; (iii) अलीपुरद्वार डाकघर (मुख्य डाक घर) 362 स्टेशन रोड सोभगंज; (iv) अलीपुरद्वार विश्वविद्यालय सोभगंज; (v) बक्सा टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट एसएच12ए राजभट्ट खावा; (vi) कूच बिहार गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज पोस्ट घुघुमारी हरिन्चावड़ा; (vii) कूच बिहार हेड पोस्ट ऑफिस सुनिटी रोड कूच बिहार; (viii) कूच बिहार पंचानन बर्मा यूनिवर्सिटी शंकर मंडल रोड; (ix) कूच बिहार रॉयल पैलेस। (xvi) तुफानगंज अस्पताल तुफानगंज।

**ग) वाक टेस्ट**- 9 से 13 जून 2026 के दौरान आयोजित वॉक टेस्ट में : (i) कूच बिहार गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, शंकर मंडल रोड; (ii) अलीपुरद्वार डिस्ट्रिक कोर्ट, न्यू एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, अलीपुरद्वार; (iii) न्यू अलीपुरद्वार रेलवे स्टेशन; (iv) न्यू कूच बिहार जंक्शन रेलवे स्टेशन गोसानीमारी कूच बिहार आदि में भीड़-भाड़ वाले पैदल यात्रियों परिवेश में मोबाइल नेटवर्क व्यवहार को कैप्चर किया गया ।

8. आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उनके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए प्रेषित किया जा चुका है। आईडीटी की विस्तृत रिपोर्ट ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध करवाई गई है। किसी भी अतिरिक्त जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए adv.kolkata@trai.gov.in पर मेल भेजा जा सकता है या ट्राई के क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता से दूरभाष सं +91-33-22361401. पर संपर्क किया जा सकता है।

कौशिक
23/06/2026
(कौशिक मुखर्जी)
सलाहकार, ट्राई क्षे.का.कोलकाता


## 1. अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिला (सिटी ड्राइव)


क) कवरेज गैप– वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-चयन मोड **(5G/4G/3G/2G)** में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है:


| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या | 64500 | 59947 | 60695 | 63434 |
| खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या | 2771 | 21699 | 3101 | 10964 |
| सीमित सेवा (बिना कवरेज) वाले नमूनों की संख्या | 0 | 1794 | 25 | 135 |


नोट: सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी गई है जब वह 5G और 4G के लिए -110 dBm, 3G के लिए -90 dBm और 2G के लिए -85 dBm से नीचे आती है।

देखा गया कवरेज गैप










नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है

ख) ड्राप्ड काल्स - ऑटो-सिलेक्शन मोड(5G/4G/3G/2G) में ड्राप्ड कॉल का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| **स्थापित सफल कॉल की संख्या** | 453 | 424 | 457 | 450 |
| ड्राप्ड **कॉल की संख्या** | 0 | 26 | 3 | 5 |

ड्राप्ड काल्स के स्थान





नोट: ड्राप्ड कॉल लोकेशंस को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G) में कॉल साइलेंस इंस्टेंस का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित कॉलों की संख्या (सेवा प्रदाता नेटवर्क के भीतर) | 446 | 352 | 443 | 389 |
| कॉल साईलेंस संख्या >3 सेकंड के लिए | 19 | 5 | 10 | 27 |
| >3 सेकंड के लिए कॉल साईलेंस इंस्टेंसेस की कुल संख्या | 32 | 6 | 10 | 35 |

साईलेंस इंस्टेंस के स्थान






नोट: कॉल साइलेंस इंस्टेंस को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे **क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर)** का **पता लगाया जा सकता है**


घ) डेटा डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट: ऑटो सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के खिलाफ औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:


**(i)** डाउनलोड थ्रूपुट

| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 18.00 | 5.00 | 15.00 | 15.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 78.63 | 11.81 | 154.29 | 22.98 |









RJIL
Throughput | Colour Code | No of Sample | % of Sample
100 Mbps and above ( 222 ) ( 46.64% )
50 -100 Mbps ( 52 ) ( 10.92% )
30 -50 Mbps ( 46 ) ( 9.66% )
10 -30 Mbps ( 80 ) ( 16.81% )
0 -10 Mbps ( 76 ) ( 15.97% )


VIL
Throughput | Colour Code | No of Sample | % of Sample
100 Mbps and above ( 0 ) ( 0.00% )
50 -100 Mbps ( 40 ) ( 8.37% )
30 -50 Mbps ( 97 ) ( 20.29% )
10 -30 Mbps ( 217 ) ( 45.40% )
0 -10 Mbps ( 124 ) ( 25.94% )


### (ii) अपलोड थ्रूपुट


| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 8.00 | 3.00 | 7.00 | 8.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 18.05 | 5.23 | 15.59 | 11.77 |




नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है


RJIL
Throughput
Colour Code
No of Sample
% of Sample
50 Mbps and above ( 34 ) ( 7.31% )
30 -50 Mbps ( 59 ) ( 12.69% )
10 -30 Mbps ( 102 ) ( 21.94% )
5 -10 Mbps ( 63 ) ( 13.55% )
0 -5 Mbps ( 207 ) ( 44.52% )


VIL
Throughput
Colour Code
No of Sample
% of Sample
50 Mbps and above ( 4 ) ( 0.85% )
30 -50 Mbps ( 37 ) ( 7.86% )
10 -30 Mbps ( 163 ) ( 34.61% )
5 -10 Mbps ( 80 ) ( 16.99% )
0 -5 Mbps ( 187 ) ( 39.70% )